C M Y K

SINCE-2003

'हर पुरुष की सफलता के पीछे एक स्त्री का हाथ होता है, चाहे वह मां, बहन, पत्नी, दोस्त या फिर कोई ओर हो।'

जयपुर ■ सीकर ■ अजमेर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक अपना अखबार

# मॉर्निंग न्यूज़

वर्ष 20 अंक : 198 ₹ 4.00 पृष्ठ-8

www.morningnewsindia.com

जयपुर
बुधवार 27 नवंबर, 2024



पेज 8 | स्पोर्ट्स

पुलिस ने किए 100 से ज्यादा साइलेंसर जब्त | 3

## एक नजर

### विश्वराज सिंह, महिमा और विधायक दीप्ति को हाईकोर्ट का नोटिस

#### लोकसभा चुनाव में झूठा शपथ-पत्र पेश करने और 2 वोटर आईडी होने का आरोप

**मॉर्निंग न्यूज @ जोधपुर।** लोकसभा चुनाव में झूठा शपथ-पत्र पेश करने के आरोप में राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ और उनके



पति नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ को हाईकोर्ट ने नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने 2 जगह वोटर लिस्ट में नाम होने के आरोप में राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी समेत अन्य 5 को नोटिस जारी किया है। राजसमंद के एडवोकेट जितेंद्र कुमार खटीक की याचिका पर जस्टिस मदन गोपाल व्यास की बेंच ने मंगलवार को 16 दिसंबर सुनवाई की तारीख तय की। खटीक ने जुलाई में चुनाव में गलत तरीके से नामांकन पेश करने, वोटरों को लालच देने और अवैध तरीके से विधि विरुद्ध चुनाव जीतने के मामले में याचिका दायर की थी।

### बहरोड़ और नीमराना में निर्माण कार्यों पर रोक

#### एनसीआर में प्रदूषण बढ़ने पर सख्ती, पॉल्यूशन फैलाने वाले वाहन भी नहीं चल सकेंगे

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** नेशनल कैपिटल रीजन (एनसीआर) में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए राजस्थान के दो शहरों में ग्रेप-4 लागू किया गया है। कोटपूतली-बहरोड़ जिला प्रशासन ने बहरोड़ और नीमराना में प्रदूषण रोकने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। इसके तहत इन शहरों में निर्माण कार्यों पर रोक रहेगी। इसके साथ ही प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर भी रोक रहेगी। दरअसल, ग्रेप स्टेज वायु प्रदूषण के चरणों की स्थिति है। इसके हिसाब से नए नियम लागू किए जाते हैं। ग्रेप यानि ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान का चौथा चरण वायु गुणवत्ता में सुधार और आम जनता की सेहत के चलते उठाया जाता है। इससे पहले खैरथल-तिजारा जिले में बढ़ते वायु प्रदूषण के मद्देनजर जिला प्रशासन ने अहम कदम उठाते हुए सभी स्कूलों (कक्षा 1 से 5) को 20 से 23 नवंबर 2024 तक बंद रखने के आदेश दिए थे।

### बैलेट पेपर वोटिंग सिस्टम को दोबारा शुरू करने की मांग वाली याचिका खारिज

#### सुप्रीम कोर्ट बोला-पार्टियों को दिक्कत नहीं, आपको क्यों है, ऐसे आइडिया कहां से लाते हैं?

**नई दिली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इलेक्शन में बैलेट पेपर वोटिंग सिस्टम को दोबारा शुरू करने की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने याचिकाकर्ता से कहा कि ईवीएम से पार्टियों को दिक्कत नहीं है, आपको क्यों है। ऐसे आइडिया कहां से लाते हो। इस पर याचिकाकर्ता केए पॉल ने कहा कि चंद्रबाबू नायडू और वाईएस जगन मोहन रेड्डी जैसे नेताओं ने भी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से छेड़छाड़ पर सवाल उठाए हैं। बेंच ने कहा कि चंद्रबाबू नायडू या जगन मोहन रेड्डी जब चुनाव हारते हैं तो कहते हैं कि ईवीएम से छेड़छाड़ होती है और जब वे जीतते हैं तो वे कुछ नहीं कहते हैं। हम इसे कैसे देख सकते हैं। हम इसे खारिज कर रहे हैं। ये वो जगह नहीं है जहां आप इस सब पर बहस करें।

### महाराष्ट्र में सीएम का ऐलान नहीं, अब भाजपा पर्यवेक्षक भेजेगी

**मुंबई ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के रिजल्ट आने के 3 दिन बाद भी मुख्यमंत्री का नाम तय नहीं हो सका। इसके लिए भाजपा आज या कल पर्यवेक्षक भेजेगी, जो विधायकों से रायशुमारी करके सीएम के नाम का ऐलान करेंगे। उधर, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर उनको अपना इस्तीफा सौंपा। इस दौरान डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार भी मौजूद थे। विधानसभा का कार्यकाल आज यानी 26 नवंबर तक ही है। नए मुख्यमंत्री के शपथ की तारीख तय नहीं है। तब तक शिंदे ही कार्यवाहक सीएम रहेंगे। शिंदे 28 जून 2022 से 26 नवंबर 2024 तक सीएम रहे। शिंदे के इस्तीफे के बाद भाजपा

शेष पृष्ठ 6 पर

# 'संविधान हमें अधिकार देने के साथ ही देता है कर्तव्यों की भी सीख'

## संविधान की मूल भावना के तहत प्रदेशवासियों के कल्याण के लिए कार्य कर रही राज्य सरकार : मुख्यमंत्री भजनलाल



**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार संविधान में निहित लोक कल्याण की मूल भावना को सर्वोपरि मानते हुए प्रदेशवासियों के कल्याण के लिए समर्पित भाव से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने विभिन्न योजनाओं और नीतियों के माध्यम से संविधान की मूल भावना को साकार किया है। जनकल्याणकारी योजनाओं, महिला सशक्तिकरण और शिक्षा के क्षेत्र में उठाए गए कदमों से राज्य सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि हर नागरिक को समान अवसर प्राप्त हों जिससे समावेशी समाज का निर्माण हो सके।

शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित 'संविधान दिवस कार्यक्रम' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज का दिन संविधान की महिमा का उत्सव और उन महान व्यक्तित्वों को याद करने का दिन है, जिन्होंने इस अद्भुत दस्तावेज का निर्माण किया। शर्मा ने कहा कि भारत का संविधान दुनिया का सबसे प्रभावी संविधान है। यह हमारे लोकतंत्र का आधार होने के साथ ही सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय का मार्गदर्शक भी है। इसमें समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मूल्यों को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि संविधान हमें अधिकार देने के साथ ही कर्तव्यों की भी सीख देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा देश सैंकड़ों सालों की गुलामी सहने के बावजूद मजबूती से खड़ा रहा क्योंकि हमारे पूर्वजों ने अपने कर्तव्यों का निष्ठा के साथ पालन किया। हम सब भी अपने दायित्वों का ईमानदारी और निष्ठा से पालन करें।

शेष पृष्ठ 6 पर

### प्रधानमंत्री ने की संविधान दिवस मनाने की अभिनव पहल

मुख्यमंत्री ने कहा कि 26 नवंबर, 1949 को हमारा संविधान अपनाया गया था और 26 जनवरी, 1950 को ये लागू हुआ, लेकिन संविधान दिवस मनाने की शुरुआत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। यह संविधान के मूल्यों, आदर्शों और हमारे लोकतांत्रिक ढांचे को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास था। प्रधानमंत्री जी ने इस दिन को चुनकर हमें यह स्मरण कराया कि संविधान हमारे देश की आत्मा है और इसकी सुरक्षा और सम्मान हमारा प्रथम कर्तव्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान निर्माण में बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर और संविधान के अन्य महान शिल्पियों का अतुलनीय योगदान है जिनकी कड़ी मेहनत और दूरदृष्टि की वजह से ही हमें ऐसा महान संविधान प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने बाबासाहेब अंबेडकर के जीवन से जुड़े पंचतीर्थों का निर्माण करवाया, जिससे उनके योगदान को सम्मान मिला।

## संविधान ने आपातकाल देखा और इसका सामना किया, ये इसकी ताकत : मोदी

### पीएम बोले-जम्मू-कश्मीर में बाबा साहेब अंबेडकर का संविधान पूरी तरह से लागू हो रहा



**नई दिल्ली ( एजेंसी )**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में संविधान दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने यहां भारतीय न्यायपालिका की वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 जारी की। पीएम ने अपने संबोधन में कहा कि हमने देश में आपातकाल देखा है। हमारे संविधान ने लोकतंत्र के सामने आई इस चुनौती का सामना किया है। ये संविधान की ही ताकत है कि जम्मू-कश्मीर में बाबा साहेब अंबेडकर का संविधान पूरी तरह से लागू हो रहा है। आज पहली बार जम्मू-कश्मीर में संविधान दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ये भारतीय संविधान का 75वां वर्ष है। ये देश के लिए बहुत गर्व की बात है। मैं संविधान और संविधान सभा के सभी सदस्यों को नमन करता हूं। हम यह नहीं भूल सकते कि आज मुंबई में हुए आतंकी हमले की भी बरसी है। पीएम ने कहा कि जिन लोगों ने इस हमले में अपनी जान गंवाई। मैं उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता

शेष पृष्ठ 6 पर

### सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया

*संविधान अपनाने की 75वीं वर्षगांठ पर सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया गया। संस्कृत और मैथिली में संविधान की प्रतियां भी जारी की गईं। 2 किताबों भारतीय संविधान का निर्माण: एक झलक और भारतीय संविधान का निर्माण और इसकी गौरवशाली यात्रा का विमोचन किया गया।*

## राजस्थान यूनिवर्सिटी में हुआ राष्ट्रीय ध्वज का अपमान

### संविधान दिवस पर लहराया गया फटा हुआ तिरंगा, छात्रों के विरोध के बाद बदला

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**



संविधान दिवस के मौके पर राजस्थान की सबसे बड़ी राजस्थान यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का अपमान किया गया। यूनिवर्सिटी कैंपस में बने संविधान पार्क में आज फटा हुआ तिरंगा लहरा रहा था। जैसे ही इसकी जानकारी यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स तक पहुंची। उन्होंने इसका विरोध शुरू कर फटे हुए तिरंगे को बदलने की मांग शुरू की। इसके बाद यूनिवर्सिटी प्रशासन हरकत में आया और संविधान पार्क में लगे तिरंगे को हटाकर नया तिरंगा लहराया गया।


राजस्थान यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले रमेश ने बताया कि आज संविधान दिवस के मौके पर देशभर में जहां संविधान को बचाने की चर्चा की जा रही है। वहीं दूसरी और राजस्थान की सबसे बड़ी राजस्थान यूनिवर्सिटी में ही भारतीय तिरंगे का अपमान हो रहा है। ऐसे में इस तरह की लापरवाही बरतने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। क्यों कि जो लोग तिरंगे का ही सम्मान नहीं कर सकते वह आम छात्रों को क्या संदेश देंगे। बता दें कि राजस्थान यूनिवर्सिटी का संविधान पार्क इससे पहले भी विवादों में आ चुका है। जब संविधान पार्क का निर्माण किया गया था। तब पार्क के स्तंभ पर ही संविधान से जुड़ी कई गलतियां अंकित की गई थी। जिसके बाद प्रशासन ने एक्सपर्ट की मदद लेकर अपनी गलतियों में सुधार किया था। वहीं अब संविधान पार्क में ही फटा हुआ तिरंगा लहराया गया है। इसके बाद एक बार फिर संविधान पार्क के रखरखाव को लेकर सवाल उठने शुरू हो गए।



## लॉयल्टी टेस्ट पास करने के बाद मिलती है लॉरेंस गैंग में एंट्री

### हथियार डिलीवरी करने आए लॉरेंस और गोदारा गैंग के चार बदमाशों से पूछताछ में कई चौकाने वाले खुलासे

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**



राजधानी की संजय सर्किल थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए लॉरेंस और रोहित गैंग से जुड़े चार बदमाशों से पूछताछ में कई चौकाने वाली बातें सामने आई है। बदमाशों से पूछताछ में सामने आया है कि गैंग में एंट्री के लिए पहले लॉयल्टी टेस्ट देना पड़ा है। टेस्ट में पास होने पर ही उन्हें गैंग में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू की जाती है। गिरफ्तार हुए बदमाश फेमस होने के लिए वे गैंग से जुड़े थे। गैंग से जुड़ने से पहले छोटे-छोटे टेस्ट लेकर परखा जाता है। फोन के जरिए ही सभी ऑर्डर मिलते हैं। हथियार पिकअप और डिलीवर करते थे, लेकिन सिस्टम ऐसा है कि कभी किसी का चेहरा नहीं देखा। गैंग के बदमाशों के पास लॉरेंस गैंग की तरफ से फोन आता था। एमपी से हथियार लाते और जयपुर में डिलीवरी देते थे। ये लोग नहीं जानते थे कि किस से हथियार लाए हैं, किसे हथियार देने हैं।

पूछताछ में सामने आया कि इनके पास फोन आता है। फोन करने वाला बताता था कि हथियार एक जगह पर पत्थर के नीचे रखे हुए हैं। बदमाश बताई जगह पर जाते। वहां से हथियार उठा लेते। फिर इन्हें बताया जाता कि जयपुर में किस जगह पर हथियार छोड़ने हैं। ये लोग उसी जगह हथियार छोड़ देते थे। चारों बदमाश किसी भी व्यक्ति के साथ डायरेक्ट सम्पर्क में नहीं थे। उन्हें लगता है कि इस गैंग के साथ जुड़कर फेमस हो जाएंगे। उनको पैसा मिलेगा, क्योंकी अभी तक ये लोग बेरोजगार हैं। इन के पास कोई काम नहीं है। बदमाशों की पोस्ट को लाइक, कॉमेंट और फॉलो कर के गैंग से जुड़ जाते हैं। इनके पास फोन आने लगते हैं। फोन करने वाले खुद को लॉरेंस, रोहित गोदारा बता कर बात करते हैं। ये लोग इनसे फोन पर बात करते रहते हैं। गैंग के लोग पता करते हैं ये लोग काम के भी है या नहीं। पहले छोटे-छोटे टास्क दिये जाते हैं। इसमें किसी के घर के बाहर की रेकी करना, व्यापारियों के नम्बर लाना, उसके आने-जाने के टाइम नोट करना। काम अच्छा होने पर इन लोगों को पैसा दिया जाता है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डूडी डोगरा ने बताया कि आज के युवा जल्द पैसा कमाने और फेम कमाने के लिए हर तरीके अपना रहा है। वह बदमाशों के साथ इसीलिए जुड़ रहा है क्योंकी उसे जल्दी पैसा कमाना है। गैंग ऑपरेट करने वालों को भी ऐसे ही लोगों की जरूरत है। ये लोग नहीं समझ रहे कि ये लोग केवल एक कटपुतली हैं। इनका इस्तेमाल

शेष पृष्ठ 6 पर

**जयपुर में मॉक टेस्ट** | भर्ती परीक्षाओं में नकल और धांधली रोकने के लिए किया आयोजन

## पेपर लीक करने में जुटे आईआईटी के हैकर्स

### महज 5 मिनट पहले सेंटर पर पहुंचा पेपर, फिर टैबलेट पर आया

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने भर्ती परीक्षाओं में नकल और धांधली रोकने के लिए मंगलवार को जयपुर में मॉक टेस्ट रखा। इसके लिए महज 5 मिनट पहले पेपर सेंटर के सर्वर पर आया। फिर टैबलेट पर अपलोड किया गया। इस दौरान नकल माफिया के तौर पर आईआईटी और देश के टॉप हैकर्स की 4 टीम ने पेपर लीक कर धांधली करने की कोशिश की। जो नाकाम साबित हुई। दरअसल, टैबलेट बेस्ड टेस्ट (टीबीटी) कराने के लिए जयपुर के दुर्गापुरा स्थित सरकारी स्कूल में कर्मचारी चयन बोर्ड ने दो दिन (26 और 27 नवंबर) मॉक टेस्ट रखा है। मॉक टेस्ट में



पहले दिन सामान्य परीक्षाओं की तरह प्रदेशभर के स्टूडेंट्स शामिल हुए।

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज ने बताया- टैबलेट बेस्ड टेस्ट की प्रक्रिया जानने के लिए मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया है। दो दिन चार पारियों में करीब 400 स्टूडेंट्स यह टेस्ट देंगे। इस पूरी प्रक्रिया को ऑपरेशन गोडावण नाम दिया गया है। इसमें दो अलग-अलग फर्म अपने टैबलेट के माध्यम से परीक्षा का आयोजन करवा रही हैं। जिस तरह से कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट होता है, उसी तरह टैबलेट बेस्ड टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में पेपर परीक्षा शुरू होने से महज 5 मिनट पहले सर्वर से सभी केंद्र पर पहुंचेगा। इसके बाद पेपर टैबलेट पर अपलोड होगा। यह पूरी प्रक्रिया लगभग 5 से 7 मिनट में पूरी कर दी जाएगी। पेपर बनने से लेकर छापने और परीक्षा एजेंसी से लेकर एग्जाम सेंटर तक पहुंचाने की प्रक्रिया में लीक होने की आशंका बनी रहती है। टैबलेट

शेष पृष्ठ 6 पर

### राजस्थान में एक ही दिन होगी रीट पात्रता परीक्षा

#### अभ्यर्थियों को गृह जिले के नजदीक ही मिलेंगे परीक्षा केंद्र

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** राजस्थान में सरकारी स्कूलों में टीचर बनने का सपना देख रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। मंगलवार को जयपुर के शिक्षा संकुल में रीट परीक्षा के आयोजन की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई। इसमें जल्द ही रीट पात्रता परीक्षा की विज्ञप्ति जारी करने के साथ ही दिसंबर से आवेदन की प्रक्रिया शुरू करने और फरवरी में पात्रता परीक्षा का आयोजन करने पर मंथन किया गया। शिक्षा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने बताया कि इस बार रीट परीक्षा का आयोजन प्रदेशभर में एक ही दिन किया जाएगा। इसमें कोशिश की जाएगी कि अभ्यर्थियों को उनके निकटतम जिलों में ही परीक्षा केंद्र आवंटित किए जाएं। इसके साथ ही फरवरी में पात्रता परीक्षा का आयोजन होगा। इसको लेकर

शेष पृष्ठ 6 पर